: 05882-53324 {O}
: 9412495505 {M}

# UPADHI (P. G.) MAHAVIDYALAYA

(Affiliated to M J P Rohilkhand University, Bareilly.)
**PILIBHIT-262001(U.P)**

Date 30/9/2021

Ref. No --------------

**छात्र/छात्राओ के छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति आवेदन फार्म भरने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश।**

1 छात्र/छात्राओ को आनलाइन आवेदन करने से पूर्व अपने शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र/प्रमाणपत्र,जाति/आय प्रमाण पत्र(आनलाइन जारी),बैक पासबुक,संस्थान में जमा की गयी शुल्क रसीद, अनिवार्य नानरिफेण्डेबुल फीस की धनराशि,वर्तमान विश्वविद्यालय/बोर्ड का अपना पंजीयन कमांक,आधार नम्बर,पासपोर्ट साइज का फोटो आदि अभिलेख अपने पास एकत्रित कर ले।

2 2021–22 से एक मोबाइल नम्बर केवल एक फार्म में ही प्रयोग होगा। अपने मोबाइल नम्बर को अपने आधार कार्ड एवं बैंक खाते से अनिवार्य रूप से लिंक करा ले। आपका आवेदन फाइनल होने से पहले आपके आवेदन की डिटेल आधार से वेरिफाई होने पर पर ओ0टी0पी0 आपके मोबाइल पर प्रेषित होगा। वह ओ0टी0पी0 सबमिट करने के बाद ही आपका आनलाइन आवेदन फाइनल सबमिट होगा।

3 सभी छात्र अपना आवेदन पत्र स्वयं आनलाइन भरें आनलाइन आवेदन पत्र के लिए पासवर्ड स्वयं सृजित करे। छात्र यदि साइबर कैफे से आवेदन करा रहा है तो अपने सामने सभी प्रविष्टियो को आवेदन में भरवाये एवं जांच का प्रिन्ट लेकर समस्त इन्ट्रीयो का मिलान संबधित प्रमाण पत्रो एवं आधार कार्ड से अवश्य कर ले, यदि कोई गलती हो तो पहले उसका सुधार कराने के उपरांत ही फार्म को आनलाइन सबमिट करे। अपने आवेदन फार्म में **अपना स्वयं का मोबाइल नम्बर एवं ई0मेल0 आई0डी0** अनिवार्य रूप से भरे। जिससे आपको आपके आवेदन से संबधित सूचना समय–समय पर प्राप्त हो सके।

4 आवेदन करने के पश्चात फाइनल सबमिट करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण यथा हाईस्कूल/इण्टर मीडिएट का रोलनंम्बर,जाति,आय प्रमाण पत्र का कमांक जारी करने की तिथि, छात्र/छात्रा का गत परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण,वर्तमान पाठयकम एवं पाठयकम का प्रकार,आयप्रमाण पत्र में अंकित आय,बैक शाखा का नाम,आई0एफ0सी0कोड0 एवं खाता सं0 अनुमोदित वार्षिक शुल्क की धनराशि, आवेदन में अंकित कटैगरी(अनुसूचति जाति,अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग,अन्य पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग) आदि का अंकन सावधानी पूर्वक जांच कर ले उसके बाद ही अपना आवेदन फार्म फाइनल सबमिट करे। अनुसूचित/जनजाति को छोड़कर शेष सभी जाति के वे ही छात्र/छात्राये छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति हेतु आनलाइन आवेदन करे जिनके पिछली कक्षा में **50 प्रतिशत से कम** प्राप्तांक न हो।

5 आधार लिंक बचत खाते को छात्र भलिभांति जांच ले बिना आधार सीडेड खाता सं0 ( बैंक खाते में लिंकिंग एवं एन0पी0सी0आई0 में सीडिंग के साथ) भरने पर पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से छात्र का आवेदन रिजेक्ट हो जायेगा। नवीनीकरण के छात्र/छात्राये जिनका आधार एवं ओ0टी0पी0 प्रमाणीकरण एकबार हो चुका है उसे पाठयकम की समाप्ति तक पुनः आधार प्रमाणीकरण की आवश्यकता नही होगी।

6 छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति आवेंदन फार्म आनलाइन दिनांक **21.10.2020 से पूर्व** प्रत्येक दशा में आवेदन करना सुनिश्चित करे एवं हार्ड कापी आवश्यक संलग्नको सहित शिक्षण संस्था में आवेदन फाइनल सबमिट से ~~4~~ दिन के अन्दर दिनांक **25.10.2021** तक अनिवार्य रूप से जमा कराये।

**(डा0 सतेन्द्र नारायण)**
नोडल अधिकारी

: 05882-53324 {O}
: 9412495505 {M}

# UPADHI (P. G.) MAHAVIDYALAYA

(Affiliated to M J P Rohilkhand University, Bareilly.)
**PILIBHIT-262001(U.P)**

Ref. No --------------- Date 30/9/2021



7 आधार नम्बर से लिंक बैक खाता एवं एन0पी0सी0आई0 में सीडिंग अनिवार्य है। इस कार्य को संबधित बैंक शाखा से अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा की स्थिति में ट्रान्जेक्शन फेल होने की सम्भावना रहेगी। वित्तीय वर्ष 2021–22 में छात्रवृत्ति का भुगतान आधार नम्बर से जुडे खाते में ही होगा।

8 **अपना आधार लिंक बचत बैंक खाता (बैंक खाते में लिकिंग एवं एन0पी0सी0आई0 में सीडिंग के साथ) संचालित रखे एवं खाते में धनराशि आने की अधिकतम लिमिट न लगी हो तथा हर 03 माह में बैंक खाते में ट्रान्जेक्शन अवश्यक करे।**

9 अपने बैक पासबुक की स्पष्ट स्वप्रमाणित छायाप्रति जिस पर आपका खाता सं0, आई0एफ0सी0कोड0 एवं गत वर्ष की छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि अंकित हो वाले पेज की छायाप्रति एवं बैक **स्टेटमेंट 01.10.2020 से 31.03.2021** अवधि का आवेदन फार्म के साथ अनिवार्य रूप से जमा करे। जिससे आपको गतवर्ष में प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि का मिलान हो सके।

10 **महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर पर बी0एस0सी0 मैथ एवं बायो ग्रुप,परास्नातक स्तर पर एम0ए0 अंग्रेजी,समाजशास्त्र,शिक्षाशास्त्र एवं एम0काम0 का पाठयकम स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित है एवं बी0ए0,बी0काम0 एवं एम0ए0 हिन्दी,राजनीतिशास्त्र, एवं अर्थशास्त्र का पाठयकम नियमित रूप से संचालित है।** अपने आवेदन में उक्तानुसार सही पाठयकम, पाठयकम का प्रकार एवं पाठयकम के वर्ष का चयन करे।

11 शिक्षण संस्था में जमा करने के लिए आवेदन पत्र किसी अन्य व्यक्ति को न सौपे। अपना आवेदन फार्म सभी संलग्नको सहित संबधित शिक्षक से चैक कराते हुए स्वयं (सभी संलग्नको पर अपने हस्ताक्षर करते हुए) जमा करे।

12 **छात्र/छात्रा अपना व्यक्तिगत विवरण/अभिलेख यथा हाईस्कूल का अनुकमांक व बैक खाता सं0 तथा आवेदन हेतु सृजित लागिन पासवर्ड किसी से भी साझा न करे।**

13 **आवेदन के लिए अन्तिम तिथि का इन्तेजार न करे, अपना आवेदन शीघ्र आनलाइन कराकर महाविद्यालय में जमा कराये।**

14 **पिछली कक्षा में फेल छात्र/छात्राये छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति का आनलाइन आवेदन न करे। तथा गतवर्ष में प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि शीघ्र संबधित विभाग में वापस जमा कराये।**

15 छात्र/छात्रा द्वारा आनलइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/गलत प्रवष्टियां भरने का पूर्ण उत्तरदायित्व संबधित छात्र/छात्रा का ही होगा एवं गलत/अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

(डा0 सतेन्द्र नारायण)
नोडल अधिकारी

# UPADHI (P. G.) MAHAVIDYALAYA

(Affiliated to M J P Rohilkhand University, Bareilly.)

**PILIBHIT-262001(U.P)**


Ref. No ---------------

Date 28-09-2021

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में प्रवेशित सभी छात्र/छात्राओ को सूचित किया जाता है कि आप छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति आवेदन से पूर्व अपने सभी प्रमाण पत्रो को डिजी लाकर एप में अपडेट कर ले जिससे आवश्यकता पडने पर आप अपने प्रमाण पत्रो को आसानी से उपयोग में ला सके। "डिजीलाकर एप" अपने मोबाइल के प्लेस्टोर से अपलोड कर उसमें अपने सभी आवश्यक प्रमाण पत्रो को अपडेट अनिवार्य रूप से करा ले।

अपलोड होने वाले मुख्य प्रमाण–पत्र निम्नवत है

1 हाई स्कूल, अंकपत्र/प्रमाण पत्र
2 इन्टर मीडिएट अंक पत्र/प्रमाण पत्र
3 स्नातक/परास्नातक सें संबधित अंक पत्र
4 जाति प्रमाण पत्र
5 निवास प्रमाण पत्र
6 आय प्रमाण पत्र
7 ई–बैंक पासबुक
8 आधार कार्ड

(डा0 सतेन्द्र नारायण)
नोडल अधिकारी,
छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति

(डा0 अंग्रेज सिंह)
प्राचार्य

प्रतिलिपि छात्रहित मे निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
1 सम्पादक दैनिक हिन्दुस्तान पीलीभीत।
2 सम्पादक दैनिक अमर उजाला पीलीभीत।
3 सम्पादक दैनिक जागरण पीलीभीत।

(डा0 सतेन्द्र नारायण)
नोडल अधिकारी,
छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति

(डा0 अंग्रेज सिंह)
प्राचार्य

**छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति आवेदन फार्म के साथ संलग्नक होने वाले प्रपत्र**

1 हाईस्कूल अंक एवं प्रमाण–पत्र की छाया प्रति एवं आनलाइन सत्यापन।
2 इन्टरमीडिएट अंक एवं प्रमाण–पत्र की छाया प्रति एवं आनलाइन सत्यापन।
3 गतवर्ष अंक पत्र की छाया प्रति। (स्नातक द्वितीय,तृतीय वर्ष एवं परास्नातक स्तर पर प्रथम,द्वितीय वर्ष हेतु)
4 जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन।
5 आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन।
6 निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं आनलाइन सत्यापन।
7 आधार कार्ड की छायाप्रति।
8 बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति/बैंक स्टेटमेंट।
9 प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति।
10 शपथ पत्र जो कालेज की बेबसाइट पर उपलब्ध है।

(डा0 सतेन्द्र नारायण)
नोडल अधिकारी

# छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति आवेदन सम्बन्धी छात्र/छात्रा का शपथ पत्र/घोषणा पत्र।

मै घोषणा करता हू कि–

1 वि0वि0 के पत्रांक रू0वि0/प0नि0का0/2020 दिनांक 02.09.2020 के द्वारा महाविद्यालय में मेरे द्वारा केवल महाविद्यालय का शुल्क ही महाविद्यालय में जमा किया गया है।

2 वि0वि0 के पत्रांक एम0जे0पी0रू0वि0/कु0स0का0/2020/449 दिनांक 16.10.2020 के द्वारा वि0वि0 शुल्क जो मेरे द्वारा परीक्षा आवेदन फार्म भरते समय वि0वि0 को भुगतान किया जायेगा, को मेरे शुल्क में जोडकर मेरा छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति आवेदन फार्म वेरिफाई/फारवर्ड किया जाये। जिससे मुझे उसकी प्रतिपूर्ति प्राप्त हो सके।

3 यदि मेरा छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म महाविद्यालय से अग्रसारित हो जाता है और मै अपना परीक्षा आवेदन फार्म नही भरता हूं तो मै शासन से प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि महाविद्यालय के माध्यम से शासन को तत्काल वापस करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगा। इस सम्बन्ध में महाविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

4 यदि मेरा छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म महाविद्यालय से अग्रसारित किया जाता है और मै अपना परीक्षा आवेदन फार्म भरने के बाद परीक्षा में शामिल नही होता हूं तो मै शासन से प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि महाविद्यालय के माध्यम से शासन को तत्काल वापस करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगा। इस सम्बन्ध में महाविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

5 यदि मेरा छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म महाविद्यालय से अग्रसारित किया जाता है और मै अपनी परीक्षा में फेल हो जाता हूं तो मै शासन से प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि महाविद्यालय के माध्यम से शासन को तत्काल वापस करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगा। इस सम्बन्ध में महाविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

6 यदि मेरा छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म महाविद्यालय से अग्रसारित किया जाता है और मेरी महाविद्यालय में उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम रहती है तो मै शासन से प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि महाविद्यालय के माध्यम से शासन को तत्कालवापस करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगा। इस सम्बन्ध में महाविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

7 यदि मेरा छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म महाविद्यालय से अग्रसारित किया जाता है और मेरी गत वर्ष की परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होते है तो मै शासन से प्राप्त छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि महाविद्यालय के माध्यम से शासन को तत्काल वापस करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगा। इस सम्बन्ध में महाविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर..............................

छात्र/छात्रा का नाम ..............................

छात्र/छात्रा का कक्षा ..............................

छात्र/छात्रा का पता ..............................

.................................................................

छात्र/छात्रा का मो0नं0 ..............................